प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 18.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से ज्यादा सम्पत्ति कार्ड वितरित करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा आमजन को परिवहन के सुगम साधन और बेहतर यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में राजस्थान के पवेलियन पर श्रद्धालुओं के लिए खास इंतजाम–मुख्यमंत्री भी होंगे महाकुंभ में शामिल।
- प्रदेश में तेज ठण्ड और कोहरे का असर बरकरार–मौसम विभाग ने जताई 22 जनवरी से बारिश की गतिविधियां फिर शुरू होने की सम्भावना।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज स्वामित्व योजना के तहत वीडियो कॉन्फ्रेन्स के जरिये 65 लाख से ज्यादा सम्पत्ति कार्ड वितरित करेंगे। राजस्थान सहित दस राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों के पचास हजार से ज्यादा गांव और 230 से अधिक जिलों में सम्पत्ति मालिकों को ये कार्ड दिये जाएंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जयपुर के राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसमें प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा। गौरतलब है कि स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बसे घरों के मालिकों को स्वामित्व अधिकार दिये जाते हैं। इस योजना के तहत सर्वेक्षण के लिए नवीनतम ड्रोन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि आमजन को परिवहन के सुगम साधन उपलब्ध करवाने और बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। सुगम यातायात प्रबंधन को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए आवश्यक सुविधाओं और मानव संसाधन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि समय के साथ शहरों की बढ़ती जनसंख्या और विस्तार को ध्यान में रखते हुए यातायात तथा परिवहन व्यवस्था के लिए दूरगामी सोच के साथ कार्य योजना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए संबंधित विभाग को आपसी समन्वय के साथ विस्तृत रिपोर्ट तैयार करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने जयपुर शहर में यातायात की सुचारू व्यवस्था के लिए यातायात पुलिसकर्मियों की संख्या बढाने और होमगाड तथा आरएसी जवानों को भी यातायात संचालन में लगाने की बात भी कही।

00000

भारत, साल 2035 तक अपना अंतरिक्ष केन्द्र स्थापित करेगा। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसका नाम भारतीय अंतरिक्ष केंद्र होगा। यह परियोजना भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो संचालित करेगा। इधर युवाओं में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति आकर्षण बढाने और इस क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों के प्रचार प्रसार के लिए इसरो की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस कडी में कोटा के रामगंज मंडी में आज से अंतरिक्ष विज्ञान शिविर लगाया जाएगा। तीन दिन चलने वाले इस कैम्प के जरिए इसरो के वैज्ञानिक विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान के रहस्यों से रुबरु करवाएंगे। इस मौके पर अंतरिक्ष विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान और इससे जुडी जानकारी के लिए, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र की अत्याधुनिक वैगन कोटा आई है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को चंद्रयान प्रक्षेपण, रॉकेट लॉंचिंग तकनीकों के बारे में बताया जाएगा।

000

कृषि विभाग की ओर से राज किसान साथी पोर्टल की समीक्षा बैठक कल जयपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कृषि और उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव राजन विशाल ने की। बैठक के दौरान शासन सचिव ने अधिकारियों से पोर्टल पर कृषि ज्ञान धारा कार्यक्रम को भी अपलोड करने और कस्टम हायरिंग सेन्टरों को जिला स्तर पर करवाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को पोर्टल पर नवीनतम जानकारी अपडेट रखने को कहा। गौरतलब है कि किसानों को अत्याधुनिक खेती और कृषि संबंधी नवीनतम जानकारी मुहैया कराने के लिए राज किसान साथी पोर्टल शुरू किया गया है। राज किसान सुविधा ऐप किसानों के लिए एकल एकीकृत ऑन–लाईन प्लेटफार्म है, जिस पर अब 17 लाख से अधिक किसानों ने अनुदान के लिए आवेदन किया है।

00000

प्रदेश में रह रहे 45 पाक विस्थापितों को कल भारतीय नागरिकता और 29 को स्वीकृति पत्र सौंपे गए। जोधपुर में आयोजित कार्यक्रम में महापोर वनिता सेठ ने इन लोगों को प्रमाण पत्र सौंपे। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने बताया कि प्रदेश में पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की दिशा में सार्थक प्रयास किये जा रहे है उन्होंने बताया कि राज्य सरकार सभी पाक विस्थापितों के अधिकारों और हितों के प्रति सजग है तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी संवेदनशीलता से काम कर रही है।

00000

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन उत्तर प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार के साथ ही विभिन्न राज्यों की सरकारों ने भी अपने दर्शनार्थियों की सहायता के लिए खास इंतजाम किए है। राजस्थान सरकार की ओर से मेला स्तर पर लगाया गये राजस्थान मंडप में प्रदेश के तीर्थ यात्रियों को निशुल्क आवास, भोजन और चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं । इधर कुंभ में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी आज रात वहां पंहुच रहे है। वे कल प्रातः कुंभ मेले का भ्रमण करेंगे और विभिन्न धार्मिक आयोजन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री राज्य सरकार के पवेलियन में ही ठहरेंगे और व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। इस बीच रेल्वे की ओर से महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए लगातार इंतजाम किए जा रहे है। इस कडी में कल से साबरमती –बनारस मेला स्पेशल और उदयपुर सिटी–धनबाद स्पेशल रेलसेवा शुरू की जा रही है। रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि साबरमती–बनारस मेला स्पेशल रेलसेवा के तीन ट्रिप होंगे, जबकि उदयपुर सिटी–धनबाद–उदयपुर सिटी स्पेशल रेलसेवा का एक फेरा संचालित होगा। दोनो गाडियां जयपुर होते हुए चलाई जायेगी।

00000

खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ने उपभोक्ताओं को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता और उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाये हैं। इसमें घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन राशि देने जैसे उपाय शामिल है। मंत्रालय ने बताया कि केंद्र सरकार, आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता और कीमतों पर कड़ी निगरानी रख रही है जिससे उपभोक्ताओं को खाद्य वस्तुएं सस्ती और उचित मूल्य पर मिलना सुनिश्चित हो सके। मंत्रालय के अनुसार पिछले वित्त वर्ष की तुलना में इस साल दालों और प्याज का उत्पादन बढने का अनुमान है। मंत्रालय ने बताया कि अधिक बुवाई के कारण प्याज का उत्पादन अधिक रहने की उम्मीद है। इसी तरह, अनुकूल मौसम के कारण आलू की बुवाई भी अच्छी चल रही है।

0000

सरहदी जिले जैसलमेर में बनाये जा रहे मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का निर्माण कार्य इन दिनों तेज गति से जारी है। इन चिकित्सा संस्थानों के पूरा होने से इस दुर्गम क्षेत्र के जिलेवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही सरहदी क्षेत्र में डॉक्टरों की अतिरिक्त उपलब्धता हो सकेगी।

-----

00000

कोटपूतली–बहरोड जिले में कल जिलास्तरीय रोजगार मेला लगाया गया। इसमें बडी संख्या में स्थानीय युवाओं ने भाग लिया। मेले में विभिन्न सरकारी विभागों की स्टॉलों के साथ ही 15 कंपनियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने क्षेत्र में 127 लाख रूपये की राशि से बनने वाले आईटीआई भवन की आधारशिला रखी। अपने संबोधन में सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर युवाओं को आगे बढने के लिए सभी संसाधन मुहैया करा रही है। उन्होंने व्यवसायिक आवश्यकता के अनुरूप शैक्षणिक पाठ्यक्रम शुरू करने की जरूरत बताई।

......

00000

प्रदेश में तेज ठण्ड और कोहरे का असर बरकरार है। मैदानी इलाकों में सर्द हवाओं ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रखा है। आज भी कई स्थानों पर सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा। चूरू में तेज ठण्ड के साथ कोहरे से दिक्कते बढ गई है। हनुमानगढ़ में कडाके की ठण्ड के बीच कोहरे के चलते दर्शता न्यूनतम बनी रही। जिले में वाहन चालको को खासी दिक्कतों का सामना करना पडा। पाली में भी कोहरे के कारण सडक यातायात प्रभावित रहा। हमारे पाली संवाददाता ने बताया कि वहां कई रेलगाडियां देरी से चल रही है।

-----

इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के 24 जिलो में कोहरा छाये रहने और चार जिलो में शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया हैं।

00000